**Series 5JLZ$\varphi$6/C**

**SET~4**

**Roll No.** | | | | | | | |

**Code No. 37**

*Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.*

***NOTE :***

(i) *Please check that this question paper contains **9** printed pages.*

(ii) *Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

(iii) *Please check that this question paper contains **42** questions.*

(iv) *Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*

(v) *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# HOME SCIENCE

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 70*

downloaded from StudentSuvidha.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

(i) ***All** questions are compulsory.*

(ii) *There are total **42** questions.*

(iii) *The question paper is divided into **three** sections — A, B and C.*

(iv) *Section A has questions no. **1 – 14** (Objective Type Questions) carrying 1 mark each.*

(v) *Section B has questions no. **15 – 28** (Case Study Based Multiple Choice Questions) carrying 1 mark each.*

(vi) *Section C has questions no. **29 – 35** of 2 marks each, questions no. **36** and **37** of 3 marks each, questions no. **38 – 40** of 4 marks each and questions no. **41** and **42** of 5 marks each.*

(vii) *Internal choices are given in some questions.*

(viii) *Support your answers with suitable examples wherever required.*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION A

### (Objective Type Questions)

**1.** Which of the following activity can cause psychological fatigue ? *1*

(A) Working in an uncomfortable workplace

(B) Doing repetitive and monotonous work

(C) Doing heavy work

(D) Working in wrong posture

**2.** (a) What is the correct sequence of doing the following activities ? *1*

(i) Washing dishes

(ii) Throwing garbage

(iii) Emptying dishes

(iv) Cleaning gas and counter

(A) (ii), (iv), (i), (iii)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (i), (ii), (iv), (iii)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**OR**

(b) Select the correct sequence of making Rajmah : *1*

(i) Chopping tomatoes

(ii) Garnishing

(iii) Soaking rajmah

(iv) Sauteing onions

(A) (iv), (iii), (ii), (i)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (ii), (i), (iv), (iii)

(D) (i), (iii), (iv), (ii)

**3.** (a) Your mother complains of a backache. Which of these postures might be the cause of her backache ? *1*

(A) Using long handled broom

(B) Using the mixy on the counter

(C) Keeping the clothes bucket on the floor to hang them on the clothes line

(D) Bending knees to lift heavy objects

**OR**

(b) Students often complain of stiffness in their neck. Which of these postures is ***not*** correct for them ? *1*

(A) Using a table and chair for studying

(B) Sitting on the bed and bending over books

(C) Standing and studying

(D) Supporting their back with a wall and sitting on the floor

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. (a) Who among the following would need the maximum calories ? *1*

(A) Rickshaw Puller

(B) Teacher

(C) Housewife

(D) Bank Manager

**OR**

(b) Identify the sedentary worker from the following : *1*

(A) Computer operator

(B) Housewife

(C) Housemaid

(D) Teacher

5. (a) While buying rice, which standard mark will you check on its label ? *1*

(A) Agmark

(B) ISI

(C) FPO

(D) Agmark and FPO

**OR**

(b) Which standard mark is given to mineral water bottle ? *1*

(A) ISI

(B) FPO

(C) Agmark

(D) FPO and Agmark

6. (a) Which adulterant is commonly found in mustard oil ? *1*

(A) Mineral oil

(B) Groundnut oil

(C) Argemone oil

(D) Coconut oil

**OR**

(b) Consuming foods adulterated with Kesari dal can lead to the problem of : *1*

(A) Cancer

(B) Anemia

(C) Paralysis

(D) Kidney failure

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

7. (a) After six months, when you took out your woollen blazer from the box, you saw holes in it. What could be the reason for this damage ? *1*

(A) Silver fish

(B) Mildew

(C) Moth

(D) Cockroach

**OR**

(b) If silks are folded immediately after being worn, they may get damaged due to _________. *1*

(A) perspiration

(B) silver fish

(C) cockroach

(D) mildew

8. What malpractices are adopted by vegetable vendors to cheat their customers ? *1*

(i) Selling the vegetables at less price

(ii) Sprinkling water on vegetables

(iii) Using stone instead of weights

(iv) Packing stale vegetables in sealed packets

(A) (i) and (iv)

(B) (ii) and (iii)

(C) (ii) and (iv)

(D) (i) and (ii)

downloaded from StudentSuvidha.com

*Fill in the blanks.*

9. Hands should be washed thoroughly for at least _________ seconds with hot water and soap before cooking. *1*

10. Leftover rice can be used to make _________. *1*

11. _________ is used to give stiffening and crispness to silk and rayon. *1*

12. _________ is a natural bleach that is used to remove stains from clothes. *1*

13. (a) Milk teeth generally start shedding by the age of _________ years. *1*

**OR**

(b) A child is able to draw his first drawing at the age of _________. *1*

14. Full form of FSSAI is _________. *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION B

**(Case Study Based Questions)**

Case 1 (Q. No. 15 – 18)

These days Rohan has started coming home very late from college. If his parents don't allow him to go out on a holiday, he starts screaming at everyone and refuses to eat his food.

**15.** (a) Which social characteristic is most prominent during adolescence ? *1*

(A) Respect for parents

(B) Giving more importance to friends

(C) Sharing all secrets with parents

(D) Socializing with neighbours

**OR**

(b) Which emotional characteristic is most prominent during adolescence ? *1*

(A) Hatred

(B) Mood swings

(C) Happiness

(D) Fear

**16.** What kind of relationship do adolescents share with their parents ? *1*

(A) Formal relationship

(B) Friendly relationship

(C) Love-hate relationship

(D) Casual relationship

**17.** Rohan has got into a habit of smoking. What could be the reason for this ? *1*

(A) Positive peer pressure

(B) Negative peer pressure

(C) Infatuation

(D) Rebellious attitude

**18.** What is the characteristic of language of adolescents ? *1*

(A) Slangs

(B) Mother tongue

(C) Salutations

(D) Phrases



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Case 2 (Q. No. 19 – 23)

Sunaina feels very tired as she remains busy in household work the whole day. Her neighbour advised her to do multiple activities at the same time and to use labour saving devices. Now Sheela has enough time to rest.

**19.** Doing more activities in less time is called ________. *1*

(A) Dovetailing

(B) Peak load

(C) Grouping

(D) Sequencing

**20.** Which of the following is ***not*** a labour saving device ? *1*

(A) Mixer

(B) Vacuum cleaner

(C) Short handled broom

(D) Washing machine

**21.** Which of these activities are an example of dovetailing ? *1*

(A) Peeling garlic and cutting tomatoes

(B) Seperately boiling beans and peas for making mixed vegetables

(C) Kneading dough while roasting brinjals on fire

(D) Cutting vegetables and washing dishes

**22.** Which of these activities is ***not*** an example of work simplification ? *1*

(A) Drying dishes on plate rack

(B) Soaking chole in a bowl, at night, before boiling in Pressure cooker

(C) Using trolley to carry utensils

(D) Distributing heavy luggage in small bags and picking

**23.** In order to save energy and remain fresh at the end of the day, one must *1*

(A) postpone some work to the next day.

(B) work very slowly.

(C) evaluate all work done.

(D) alternate light and heavy work.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Case 3 (Q. No. 24 – 28)

Meera saw an unknown stain on her dress. She was unable to identify the stain. She tried to remove the stain with a detergent and then applied bleach on it. Though the stain got removed, the dress got discoloured.

**24.** How is a stain identified ? *1*

By its

(A) colour, smell or feel

(B) colour, taste or look

(C) taste, shape or feel

(D) colour, shape or feel

**25.** Which sequence should be followed while removing unknown stains ? *1*

(i) Treat the stain with diluted acid.

(ii) Treat the stain with diluted alkali.

(iii) Use oxidizing bleach.

(iv) Soak stain in warm soapy water.

(A) (i), (iv), (ii), (iii)

(B) (iii), (i), (iv), (ii)

(C) (ii), (iii), (i), (iv)

(D) (iv), (ii), (i), (iii)

downloaded from StudentSuvidha.com

**26.** If it was a grease stain, what reagent should Meera have used ? *1*

(A) Ammonia

(B) Citric acid

(C) Petrol

(D) Borax powder

**27.** While storing, one should protect cotton fabrics from _________. *1*

(A) perspiration and carpet beetles

(B) mildew and silver fish

(C) silver fish and perspiration

(D) carpet beetle and mildew

**28.** Which of these are vegetable stains ? *1*

(A) Oil, Ghee, Butter

(B) Milk, Egg, Fish

(C) Tea, Coffee, Juice

(D) Paints and Colours



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION C

**29.** (a) Write any four motor abilities of a 2-year-old child. *2*

**OR**

(b) Which four features would you check while buying toys for your two-year-old nephew ? *2*

**30.** Give any four suggestions to keep the kitchen clean and insect free. *2*

**31.** You have hired a new cook. Give him four clear instructions to maintain his personal hygiene. *2*

**32.** (a) Menu planned for lunch is split Moong dal, Jeera aloo and Chapati. Evaluate this meal for its colour. Give two suggestions to enhance its appearance. *2*

**OR**

(b) Menu for today's evening tea is bread pakora and tea. Evaluate it for nutrition and give suggestions to add two more food groups in it. *2*

**33.** Identify four ways a chemist can cheat his customers. *2*

**34.** What is the role of FSSAI in food safety ? List any four of its activities. *2*

**35.** You want to store your cotton clothes for winters. In what two ways each would you prepare the cupboard and the clothes to store them safely ? *2*

**36.** (a) Sequence the steps of applying blue on a cotton sari. Why is it done ? *3*

**OR**

(b) Sequence the steps of starching a cotton shirt. Why is it done ? *3*

**37.** Which six unhygienic habits did you notice in a roadside vendor that you decided not to eat fruit chat from there ? *3*

**38.** Why is it important to make a time plan ? Which six factors are kept in mind while making a time plan for a family ? *4*

**39.** (a) Sudha Jain lives in a hilly area. Briefly explain any four factors that would influence the meal planning of her family. *4*

**OR**

(b) Rehman lives in Kerela with his two sons. Briefly explain any four factors that would influence the meal planning of his family. *4*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**40.** (a) The water in which chana dal was washed, turned yellow.

(i) Identify the adulterant that might be present in it.

(ii) Mention three other foods that could be adulterated with this adulterant.

(iii) What are two health hazards of consuming such foods ?

(iv) Which two precautions should be adopted to safeguard from buying adulterated foods ? *4*

**OR**

(b) With the help of four examples, explain any four problems faced by consumers in context to lack of information. *4*

**41.** What do you understand by balanced diet ? What is its importance ? Plan a balanced meal for a family. *5*

**42.** Compare any five cognitive abilities of children aged four and ten years. *5*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**Series 5JLZ$\varphi$6/C**

**SET~4**

कोड नं. **37**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **42** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# गृह विज्ञान

downloaded from StudentSuvidha.com

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 70

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) इस प्रश्न–पत्र में कुल **42** प्रश्न हैं ।

(iii) प्रश्न–पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है — क, ख और ग ।

(iv) खण्ड क में प्रश्न सं. **1 – 14** तक हैं (वस्तुनिष्ठ प्ररूप के प्रश्न) तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।

(v) खण्ड ख में प्रश्न सं. **15 – 28** तक हैं (केस स्टडी आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।

(vi) खण्ड ग में प्रश्न सं. **29 – 35** तक प्रत्येक 2 अंकों के हैं, प्रश्न सं. **36** और **37** प्रत्येक 3 अंकों के हैं, प्रश्न सं. **38 – 40** तक प्रत्येक 4 अंकों के हैं और प्रश्न सं. **41** और **42** प्रत्येक 5 अंकों के हैं ।

(vii) कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।

(viii) जहाँ आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों सहित अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए ।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड क
## (वस्तुनिष्ठ प्ररूप के प्रश्न)

1. निम्नलिखित गतिविधियों में से कौन-सी मनोवैज्ञानिक थकान का कारण बन सकती है ? *1*
   (A) असहज कार्यस्थल में काम करना
   (B) बार-बार दोहराना व नीरस/एकरस काम करना
   (C) भारी श्रम करना
   (D) ग़लत मुद्रा में काम करना

2. (a) निम्नलिखित गतिविधियों को करने का उचित क्रम क्या है ? *1*
   (i) बर्तन धोना
   (ii) कूड़ा फेंकना
   (iii) बर्तन खाली करना
   (iv) गैस एवं काउन्टर की सफाई करना
   (A) (ii), (iv), (i), (iii)
   (B) (iii), (iv), (i), (ii)
   (C) (i), (ii), (iv), (iii)
   (D) (iv), (iii), (ii), (i)

   **अथवा**

   (b) राजमाँ बनाने की गतिविधियों का उचित क्रम चुनिए : *1*
   (i) टमाटर काटना
   (ii) सजाना
   (iii) राजमाँ भिगोना
   (iv) प्याज़ भूनना
   (A) (iv), (iii), (ii), (i)
   (B) (iii), (iv), (i), (ii)
   (C) (ii), (i), (iv), (iii)
   (D) (i), (iii), (iv), (ii)

3. (a) आपकी माताजी को पीठ दर्द की शिकायत रहती है । इनमें से कौन-सी मुद्रा उनकी पीठ दर्द का कारण हो सकती है ? *1*
   (A) लम्बे हत्थे के झाड़ू का प्रयोग करना
   (B) काउन्टर पर रखकर मिक्सी का प्रयोग करना
   (C) कपड़ों की बाल्टी को फ़र्श पर रखकर तार पर कपड़े फैलाना
   (D) घुटने मोड़कर भारी सामान उठाना

   **अथवा**

   (b) विद्यार्थियों को अकसर गर्दन में अकड़न की शिकायत रहती है । इनमें से कौन-सी मुद्रा उनके लिए उचित ***नहीं*** है ? *1*
   (A) पढ़ाई के लिए मेज़ और कुर्सी का उपयोग करना
   (B) बिस्तर पर बैठकर किताबों पर झुकना
   (C) खड़े रहकर पढ़ाई करना
   (D) दीवार से अपनी पीठ टिकाकर नीचे ज़मीन पर बैठना

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**4.** (a) निम्नलिखित में से किसको सबसे अधिक कैलोरी की आवश्यकता होगी ? *1*

(A) रिक्शा चालक

(B) शिक्षक

(C) गृहिणी

(D) बैंक मैनेजर

**अथवा**

(b) निम्नलिखित में से आसीन कार्यकर्ता की पहचान कीजिए : *1*

(A) कम्प्यूटर ऑपरेटर

(B) गृहिणी

(C) घर की नौकरानी

(D) शिक्षक

**5.** (a) चावल खरीदते समय उसके लेबल पर आप कौन-से मानक चिह्न की जाँच करेंगे ? *1*

(A) एग्मार्क

(B) आई.एस.आई.

(C) एफ.पी.ओ.

(D) एग्मार्क एवं एफ.पी.ओ.

**अथवा**

(b) पीने के पानी (मिनरल वाटर) की बोतल को कौन-सा मानक चिह्न दिया जाता है ? *1*

(A) आई.एस.आई.

(B) एफ.पी.ओ.

(C) एग्मार्क

(D) एफ.पी.ओ. एवं एग्मार्क

downloaded from StudentSuvidha.com

**6.** (a) सरसों के तेल में सामान्यत: कौन-सी मिलावट पाई जाती है ? *1*

(A) खनिज तेल

(B) मूँगफली का तेल

(C) आर्जेमोन तेल

(D) नारियल का तेल

**अथवा**

(b) केसरी दाल की मिलावट वाले खाद्यों का सेवन करने से कौन-सी समस्या उत्पन्न हो सकती है ? *1*

(A) कैंसर

(B) रक्ताल्पता/एनीमिया

(C) पक्षाघात

(D) गुर्दों में खराबी



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

7. (a) छः माह के पश्चात् जब आपने अपने ऊनी कोट को बॉक्स से बाहर निकाला, तो उसमें छिद्र देखे । इस क्षति का क्या कारण हो सकता है ? *1*

(A) सिल्वर फिश (Silver fish)

(B) फफूँदी

(C) कीट (Moth)

(D) कॉकरोच

**अथवा**

(b) यदि रेशमी वस्त्रों को पहनने के तुरन्त बाद तह लगाकर रख दिया जाए, तो वह किस कारण क्षतिग्रस्त हो सकते हैं ? *1*

(A) पसीना

(B) सिल्वर फिश (Silver fish)

(C) कॉकरोच

(D) फफूँदी

8. अपने ग्राहकों को धोखा देने के लिए सब्ज़ी विक्रेता कौन-सी कुचालें अपनाता है ? *1*

(i) सब्ज़ियों को कम भाव में बेचकर

(ii) सब्ज़ियों पर पानी छिड़ककर

(iii) बाट की जगह पत्थर का उपयोग करके

(iv) पैकेट में बासी सब्ज़ियों को पहले से सीलबंद करके

(A) (i) एवं (iv)

(B) (ii) एवं (iii)

(C) (ii) एवं (iv)

(D) (i) एवं (ii)

downloaded from StudentSuvidha.com

*रिक्त स्थानों को भरिए ।*

9. खाना पकाने से पूर्व हाथों को गरम पानी और साबुन से कम-से-कम ___________ सेकण्ड के लिए धोना चाहिए । *1*

10. रात के बचे हुए चावलों का प्रयोग ___________ बनाने के लिए किया जा सकता है । *1*

11. रेशम और रेयॉन में कड़कपन लाने के लिए ___________ का उपयोग किया जाता है । *1*

12. ___________ एक प्राकृतिक विरंजक (ब्लीच) है जिसे कपड़ों पर से धब्बे छुड़ाने के लिए प्रयोग किया जाता है । *1*

13. (a) आमतौर पर दूध के दाँत ___________ वर्ष की आयु में टूटने लगते हैं । *1*

**अथवा**

(b) बच्चा ___________ आयु में पहला चित्र बनाने में सक्षम हो जाता है । *1*

14. FSSAI का पूरा नाम है ___________ । *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड ख

## (केस स्टडी आधारित प्रश्न)

केस 1 (प्र.सं. 15 – 18)

आजकल रोहन कॉलेज से घर देर रात तक आने लगा है । यदि उसके माता-पिता उसे छुट्टी के दिन घर से बाहर जाने से रोकते हैं, तो वह सब पर चिल्लाने लगता है और अपना भोजन करने से भी इनकार करता है ।

**15.** (a) किशोरावस्था के दौरान कौन-सी सामाजिक विशेषता सबसे प्रमुख दिखाई पड़ती है ? *1*

(A) माता-पिता के प्रति सम्मान

(B) दोस्तों की ओर अधिक झुकाव

(C) माता-पिता के साथ सभी रहस्य साझा करना

(D) पड़ोसियों के साथ मेल-जोल बढ़ाना

**अथवा**

(b) किशोरावस्था के दौरान कौन-सी भावनात्मक विशेषता सबसे प्रमुख होती है ? *1*

(A) घृणा

(B) संवेगों में उतार-चढ़ाव

(C) खुशी

(D) भय

**16.** किशोरावस्था में बच्चों का अपने माता-पिता के साथ कैसा रिश्ता रहता है ? *1*

(A) औपचारिक रिश्ता

(B) मित्रता का रिश्ता

(C) प्यार-घृणा का रिश्ता

(D) अनौपचारिक रिश्ता

**17.** रोहन को धूम्रपान करने की आदत हो गई है । इसका कारण क्या हो सकता है ? *1*

(A) सकारात्मक सहकर्मी दबाव

(B) नकारात्मक सहकर्मी दबाव

(C) विमोह/मुग्धता

(D) विद्रोही प्रवृत्ति

**18.** किशोरों की भाषा की एक विशेषता क्या है ? *1*

(A) कठबोली

(B) मातृभाषा

(C) अभिवादन

(D) वाक्यांश



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

केस 2 (प्र.सं. 19 – 23)

सारे दिन सुनैना घर के काम में व्यस्त रहती है और बहुत थकान महसूस करती है । उसकी पड़ोसन ने उसे एक ही समय में कई गतिविधियाँ करने तथा श्रम बचत उपकरणों का उपयोग करने की सलाह दी है । अब शीला के पास, आराम करने का पर्याप्त समय रहता है ।

**19.** कम समय में कई गतिविधियाँ करने को क्या कहा जाता है ? *1*

(A) सामंजस्य

(B) सर्वाधिक कार्य

(C) समूहीकरण

(D) अनुक्रमण

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा श्रम बचाऊ उपकरण ***नहीं*** है ? *1*

(A) मिक्सर

(B) वैक्यूम क्लीनर

(C) छोटे हत्थे का झाड़ू

(D) कपड़े धोने की मशीन

**21.** इन गतिविधियों में से सामंजस्य का उदाहरण कौन-सा है ? *1*

(A) लहसुन छीलना एवं टमाटर काटना

(B) मिली-जुली (मिक्स) सब्ज़ी बनाने के लिए फलियाँ और मटरों को अलग-अलग उबालना

(C) आग में बैंगन भूनने के साथ आटा गूँधना

(D) सब्ज़ियाँ काटना एवं बर्तन धोना

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि कार्य सरलीकरण का उदाहरण ***नहीं*** है ? *1*

(A) प्लेट रैक में बर्तनों को सुखाना

(B) प्रेशर कुकर में उबालने से पूर्व, रात को कटोरे में छोले भिगोना

(C) बर्तनों को ले जाने के लिए ट्रॉली का उपयोग करना

(D) भारी सामान को छोटी थैलियों में बाँट कर उठाना

**23.** ऊर्जा बचाने एवं दिन के अंत तक तरोताज़ा बने रहने के लिए *1*

(A) कुछ काम अगले दिन पर छोड़ दें ।

(B) कार्य बहुत धीरे-धीरे करें ।

(C) किए गए पूरे कार्य का मूल्यांकन करें ।

(D) हल्के तथा भारी काम को बारी-बारी से करें ।

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

केस 3 (प्र.सं. 24 – 28)

मीरा को अपनी पोशाक पर एक अनजान धब्बा दिखाई दिया । वह धब्बे की पहचान करने में समर्थ नहीं थी । उसने एक डिटर्जेंट से दाग को हटाने की कोशिश की और फिर उस पर ब्लीच (विरंजक) लगाया । दाग तो हट गया, लेकिन पोशाक का रंग निकल गया ।

**24.** धब्बे की पहचान कैसे की जा सकती है ? *1*

(A) रंग, गंध या स्पर्श करके

(B) रंग, स्वाद या रूप से

(C) स्वाद, आकृति या स्पर्श करके

(D) रंग, आकार या स्पर्श करके

**25.** अज्ञात दाग को हटाते समय कौन-सा क्रम अपनाना चाहिए ? *1*

(i) धब्बे पर हल्का तनुकृत अम्ल लगाएँ ।

(ii) धब्बे पर तनुकृत क्षार का प्रयोग करें ।

(iii) ऑक्सीकारक ब्लीच करें ।

(iv) धब्बे को साबुन के गुनगुने पानी में भिगोएँ ।

(A) (i), (iv), (ii), (iii)

(B) (iii), (i), (iv), (ii)

(C) (ii), (iii), (i), (iv)

(D) (iv), (ii), (i), (iii)

**26.** यदि वह ग्रीस का धब्बा होता, तो मीरा को किस अभिकर्मक का प्रयोग करना चाहिए था ? *1*

(A) अमोनिया

(B) सिट्रिक अम्ल (Citric acid)

(C) पेट्रोल

(D) बोरेक्स पाउडर

**27.** संग्रह करते समय सूती वस्त्रों को ____________ से बचाना चाहिए । *1*

(A) पसीने एवं कार्पेट बीटल

(B) फफूँदी एवं सिल्वर फिश

(C) सिल्वर फिश एवं पसीने

(D) कार्पेट बीटल एवं फफूँदी

**28.** इनमें से वनस्पति धब्बे कौन-से हैं ? *1*

(A) तेल, घी, मक्खन

(B) दूध, अंडा, मछली

(C) चाय, कॉफी, जूस

(D) पेंट और रंग



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड ग

**29.** (a) एक दो-वर्षीय बच्चे की कोई चार गत्यात्मक क्षमताएँ लिखिए । *2*

**अथवा**

(b) अपने दो-वर्षीय भाँजे के लिए खिलौने खरीदते समय आप किन चार विशेषताओं का निरीक्षण करेंगे ? *2*

**30.** रसोईघर को साफ और कीड़ा मुक्त रखने के कोई चार सुझाव दीजिए । *2*

**31.** आपने एक नया रसोइया नियुक्त किया है । अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के उसे चार स्पष्ट निर्देश दीजिए । *2*

**32.** (a) दोपहर के भोजन में धुली मूँग दाल, जीरा आलू और रोटी का आयोजन किया गया है । इस आहार का रंग के लिए मूल्यांकन कीजिए । इसे आकर्षक बनाने के लिए दो सुझाव दीजिए । *2*

**अथवा**

(b) आज शाम की चाय का मेनू ब्रैड पकौड़ा एवं चाय है । इसके पोषण का मूल्यांकन करके इससे अन्य दो खाद्य समूह सम्मिलित करने के सुझाव दीजिए । *2*

**33.** एक दवाई-विक्रेता अपने ग्राहकों को धोखा देने के लिए कौन-सी चार कुचालें चलता है ? *2*

**34.** खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में FSSAI की क्या भूमिका है ? इसकी किन्हीं चार गतिविधियों को सूचीबद्ध कीजिए । *2*

**35.** सर्दियों के लिए, आप अपने सूती कपड़ों का संग्रह करना चाहते हैं । उनको सुरक्षित रखने के लिए आप अलमारी और कपड़ों की कौन-सी दो-दो तैयारी करेंगे ? *2*

**36.** (a) सूती साड़ी पर नील लगाने की प्रक्रिया को क्रमानुसार लिखिए । यह क्यों किया जाता है ? *3*

**अथवा**

(b) सूती बुशर्ट को कलफ़ लगाने की प्रक्रिया को क्रमानुसार लिखिए । यह क्यों किया जाता है ? *3*

**37.** सड़क किनारे विक्रेता की कौन-सी छह अस्वच्छ आदतों को देखकर आपने वहाँ फल-चाट खाने का अपना इरादा बदल दिया ? *3*

**38.** समय योजना बनाने का क्या महत्त्व है ? एक परिवार के लिए समय योजना बनाते समय कौन-से छः कारकों को ध्यान में रखा जाता है ? *4*

**39.** (a) सुधा जैन अपने माता-पिता के साथ एक पहाड़ी इलाके में रहती है । उनके परिवार के आहार आयोजन को कौन-से चार कारक प्रभावित करेंगे ? संक्षिप्त में समझाइए । *4*

**अथवा**

(b) रहमान अपने दो बेटों के साथ केरल में रहता है । उसके परिवार के आहार आयोजन को कौन-से चार कारक प्रभावित करेंगे ? संक्षिप्त में समझाइए । *4*



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**40.** (a) चने की दाल को धोने पर उसका पानी पीला हो गया ।

(i) इसमें कौन-सी मिलावट हो सकती है ? पहचान कीजिए ।

(ii) तीन अन्य खाद्य-पदार्थों के नाम बताइए जिनमें भी यह मिलावट पाई जा सकती है ।

(iii) स्वास्थ्य पर ऐसे खाद्य-पदार्थों का सेवन करने के दो दुष्परिणाम क्या हो सकते हैं ?

(iv) मिलावटी खाद्यों को खरीदने से बचने के लिए कौन-सी दो सावधानियाँ अपनानी चाहिए ? *4*

**अथवा**

(b) जानकारी की कमी के संदर्भ में, उपभोक्ताओं की किन्हीं चार समस्याओं को, चार उदाहरणों की सहायता से समझाइए । *4*

**41.** संतुलित आहार से आप क्या समझते हैं ? इसका महत्त्व क्या है ? एक परिवार के लिए एक संतुलित आहार की योजना बनाइए । *5*

**42.** चार एवं दस-वर्षीय बच्चों की किन्हीं पाँच संज्ञानात्मक क्षमताओं की तुलना कीजिए । *5*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com